# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 20.08.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **मानव तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए महिला को सकुशल रेस्क्यू कर गिरोह में शामिल सभी 04 अभियुक्तों को थाना एएचटीयू पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 20.08.2026 को मानव तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए महिला को सकुशल रेस्क्यू किया गया तथा गिरोह में शामिल सभी 04 अभियुक्तों को थाना एएचटीयू पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि दिनांक 19.08.2026 को डायल-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि थाना बदौसा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम हड़हामाफी में कुछ व्यक्तियों द्वारा एक महिला की खरीद-फरोख्त की गई है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना एएचटीयू पुलिस द्वारा तत्काल अभियोग पंजीकृत किया गया तथा महिला का बयान व चिकित्सीय परीक्षण कराकर सकुशल वन स्टॉप सेंटर भेजा गया। अभियुक्तों की पहचान एवं गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन कर लगातार संभावित स्थानों पर दबिश एवं तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में दिनांक 20.08.2026 को थाना एएचटीयू पुलिस टीम द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए बड़ोखर खुर्द बाईपास चौराहा के पास से 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में अभियुक्त विनय द्वारा बताया गया कि उसकी उक्त महिला से मुलाकात छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर में एक लोहे की कंपनी में कार्य करने के दौरान हुई थी। वहीं से उक्त महिला को जनपद बांदा बुलाकर ₹20,000/- में रामभवन को सौंप दिया था। रुपए पूरे न मिलने पर बाद में उक्त महिला को पुन: गरीबदास को सौंप दिया। पूरे घटनाक्रम में अभियुक्त उदित उर्फ लक्कू द्वारा मध्यस्थता की भूमिका निभाई गई। पुलिस द्वारा सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0 न्यायालय भेजा गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. विनय पुत्र नत्थू निवासी हड़हामाफी थाना बदौसा जनपद बांदा।
2. रामभवन पुत्र सुभाष निवासी हड़हामाफी थाना बदौसा जनपद बांदा।
3. गरीबदास पुत्र रामआसरे निवासी हड़हामाफी थाना बदौसा जनपद बांदा।
4. उदित उर्फ लक्कू पुत्र उदयभान निवासी हड़हामाफी थाना बदौसा जनपद बांदा।

**पंजीकृत अभियोग-**

➢ मु0अ0सं0 02/26 धारा 143(2) बीएनएस थाना एएचटीयू जनपद बांदा।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. प्र0नि0 श्री अनिल कुमार थाना एएचटीयू
2. उ0नि0 श्री अनिल कुमार उपाध्याय
3. कां0 प्रशांत यादव